प्रभात खबर

क्रॉम्पटन कंपनी का 28 नकली स्टार्टर किया बरामद

आइपी लीगल सेल और कोतवाली थाने की पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई इलेक्ट्रॉनिक दुकान में की छापेमारी प्रतिनिधि, मुंगेर. ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली उत्पाद बेचने की सूचना पर शहर के बेकापुर शिवाजी चौक स्थित वैभव इंटरप्राइजेज नामक इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर गुरुवार को छापेमारी की गयी. क्रॉम्पटन कंपनी के अधिकृत आईपी लीगल सेल और कोतवाली थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर उक्त दुकान से 28 पीस नकली क्रॉम्पटन कंपनी का मोटर स्टार्टर बरामद किया. इसे लेकर कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है. बताया जाता है कि कंपनी के आइपी लीगल सेल और कोतवाली थाना पुलिस की टीम गुरुवार की दोपहर शहर के बेकापुर शिवाजी चौक स्थित वैभव इंटरप्राइजेज नामक इलेक्ट्रोनिक दुकान पर छापेमारी कर क्रॉम्पटन कंपनी के 28 पीस नकली मोटर स्टार्टर जब्त किया. इसमें 4 पर क्रॉम्पटन कंपनी का नकली स्टीकर भी लगा था. आइपी लीगल के रीजनल हेड टोटन चक्रवर्ती ने ट्रेड मार्क कॉपी राइट एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी है. कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव तिवारी ने बताया कि पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/munger/28-fake-starters-of-crompton-company-recovered